MANAGE Bulletin
www.manage.gov.in

राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान जुलाई एवं अगस्त 2021

महानिदेशक का संदेश

मैनेज, प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (एग्री बिजनेस मैनेजमेंट) के 66 छात्रों के नए बैच का सहर्ष स्वागत करता है। वर्ष 2021 पीजीडीएम (एबीएम) का 26वां बैच है, वर्तमान बैच में 16 राज्यों, 30 विश्वविद्यालयों और 12 विषयों के छात्र हैं। पीजीडीएम (एबीएम) कार्यक्रम का उद्देश्य श्रेष्ठ कृषि स्नातकों को प्रभावी कृषि-व्यवसाय प्रबंधकों के रूप में कार्य करने के लिए आवश्यक दक्षताओं को प्राप्त करने में सक्षम बनाना है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि मैनेज को एग्रीकल्चर टुडे द्वारा 2021 में तीसरे सर्वश्रेष्ठ सेक्टोरल बी स्कूल के रूप में स्थान दिया गया है। मैनेज में हम यह गर्व महसूस करते हैं कि मैनेज के पीजीडीएम (एबीएम) कार्यक्रम की सफलता से प्रेरित होकर, आज देश के 132 उच्च शिक्षा संस्थानों ने कृषि व्यवसाय शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया है।

मैं, एग्रि -क्लीनिकों और एग्रि बीजिनेस केंद्रों (एसी एवं एबीसी) के टीम को 75000 बेरोजगार कृषि स्नातकों, कृषि डिप्लोमा धारकों और कृषि विज्ञान स्नातकों के प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक पूरा करने के लिए बधाई देता हूं, जिसे आजादी के 75 साल के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के साथ मनाया जा रहा है। मुख्य अतिथि श्री. संजय अग्रवाल, कृषि सचिव, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मानते समय देश में एसी और एबीसी योजना के माध्यम से 75000 ग्रामीण बेरोजगार उम्मीदवारों की संख्या उल्लेखनीय उपलब्धि है।

इस अंक में...

- मैनेज पीजीडीएम (एबीएम) - 2021-23 बैच के छात्रों का स्वागत करता है
- मैनेज 75000 कृषि उद्यमियों को सशक्त बनाता है
- मैनेज जय जवान किसान (कृषि के लिए सैनिक)
- डॉ. शोभना के पटनायक, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा मैनेज-कृषि ज्ञानदीप ज्ञान व्याख्यान श्रंखला-5
- डॉ. डब्ल्यू.आर. रेड्डी, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा मैनेज-कृषि ज्ञानदीप ज्ञान व्याख्यान श्रृंखला - 6
- मैनेज ने 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया।

मैनेज ने प्रगतिशील भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों और इसके देशवासियों, संस्कृति एवं उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को यादगार बनाने के लिए आज़ादी का अमृत महोत्सव के विशेष अवसर पर 15 अगस्त 2021 को 75 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस अवसर पर मैनेज ने अपने संस्थान में 25 साल की सेवा पूरे करने वाले कर्मचारियों, इस महीने के सर्वश्रेष्ठ एनटीआई (नोडल प्रशिक्षण संस्थान), एसी और एबीसी योजना के तहत इस महीने के सर्वश्रेष्ठ कंसल्टेंट को सम्मानित किया। मैनेज में हम, किसानों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए अपने हितधारकों के सहयोग से कृषि विस्तार प्रणाली में सुधार के लिए खुद को पुनः समर्पित करते हैं।

डॉ. पी. चंद्रा शेखरा
महानिदेशक

मैनेज पीजीडीएम (एबीएम) 2021-23 बैच के छात्रों का स्वागत करता है।

महानिदेशक, मैनेज ने 2 जुलाई, 2021 को पीजीडीएम (एबीएम) के 26वें बैच का स्वागत किया, जिसमें 66 छात्र शामिल है। एक ऑनलाइन उद्घाटन समारोह में, नव प्रवेशित छात्रों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मैनेज के महानिदेशक, संकाय और कर्मचारियों के साथ बातचीत की।

डॉ के आनंद रेड्डी, प्रधान समन्वयक, पीजीडीएम (एबीएम) ने पीजीडीएम (एबीएम) कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और छात्रों का संक्षिप्त प्रोफ़ाइल प्रस्तुत किया। बैच का परिचय देते हुए उन्होंने बताया कि छात्रों का वर्तमान बैच 16 राज्यों, 30 विश्वविद्यालयों और 12 विषयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस बैच में लैंगिक संतुलन है और 36 लड़के एवं 30 लड़कियां है। महानिदेशक ने अपने उद्घाटन भाषण में यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की कि आउटलुक द्वारा वर्ष 2020 के लिए मैनेज को आईआईएमए और आईआईएमएल के बाद तीसरे सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूल के रूप में स्थान दिया गया है। उन्होंने इसे संभव बनाने के लिए मैनेज फैकल्टी, स्टाफ और सभी हितधारकों को बधाई दी।

उन्होंने यह विश्वास जताया कि कुछ ही समय में मैनेज शीर्ष स्थान हासिल कर लेगा। उन्होंने पीजीडीएम (एबीएम) टीम को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और प्रत्येक सफल शैक्षणिक कार्यक्रमों में शिक्षण काला और संकाय के महत्व को दोहराया। उन्होंने कहा कि मैनेज द्वारा सर्वश्रेष्ठ बी-स्कूलों और आईआईएम से प्रख्यात फैकल्टी को आमंत्रित करने के कारण यह कार्यक्रम देश के शीर्ष बी-स्कूलों के साथ प्रतिस्पर्धा में खड़ा हो गया है।

देश में इस कार्यक्रम को अग्रणी बनाने और बेंचमार्क स्थापित करने के बाद, अब मैनेज पीजीडीएम (एबीएम) अंतरराष्ट्रीय मानकों को हासिल करने का लक्ष्य रखता है। उन्होंने कहा कि विश्व के शीर्ष विश्वविद्यालयों के साथ छात्र विनिमय कार्यक्रम इस दिशा में सहायक होगा। वर्तमान बैच को विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित छात्र विनिमय कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिलेगा।

अकादमिक विषयों में छात्रों की योग्यता की प्रशंसा करने और छात्रों को सह-पाठयक्रम गतिविधियों में प्रोत्साहित करने के लिए, मैनेज ने नकद पुरस्कार देना आरंभ किया है, जो मैनेज और कॉरपोरेट्स द्वारा प्रायोजित है। महानिदेशक ने फ्रेशर्स को अकादमिक में उत्कृष्ट करने और वॉल ऑफ फेम में अपनी जगह बनाने के लिए प्रेरित किया, जहां सभी अकादमिक टॉपर्स अपनी जगह बनाते हैं। अपने उद्घाटन भाषण का समापन करते हुए, महानिदेशक ने इस प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पाने में सफल होने के लिए फ्रेशर्स को बधाई दी और कहा कि यह पहला बैच होंगा जो इस अत्याधुनिक नए शैक्षणिक भवन में प्रवेश करेंगे।

मैनेज ने 75,000 बेरोजगार कृषि स्नातकों के प्रशिक्षण की सफलता को मनाया

मैनेज ने स्वतंत्रता के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी का अमृत महोत्सव समारोह के एक भाग के रूप में, 23 अगस्त 2021 को भारत सरकार के कृषि-क्लीनिकों और कृषि-व्यापार केंद्रों के तहत 75000 बेरोजगार कृषि स्नातकों, कृषि डिप्लोमा धारकों और विज्ञान स्नातकों के प्रशिक्षण को सराहने के लिए एक ऑनलाइन समारोह आयोजित किया। (एसीएबीसी) भारत सरकार की एसीएबीसी योजना बेरोजगार शिक्षित ग्रामीण युवाओं के बीच कृषि व्यवसाय को बढ़ावा देने और किसानों के लिए कृषि विस्तार सेवाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से 2002 में शुरू किया गया था। इस समारोह में सफल कृषि उद्यमियों, किसानों, नोडल प्रशिक्षण संस्थानों, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के अधिकारियों, मैनेज के संकाय सदस्यों सहित लगभग 250 प्रतिभागियों ने भाग लिया। श्री. संजय अग्रवाल, आईएएस, कृषि सचिव इस समारोह के मुख्य अतिथि थे।

मैनेज के महानिदेशक डॉ. पी. चंद्रा शेखरा ने एसी और एबीसी योजना की प्रगति पर एक प्रस्तुति दी, जिसमें मैनेज की भूमिका, योजना के तहत प्रावधान, राज्यवार प्रगति, कृषि उद्यमियों द्वारा की जाने वाली परियोजनाएं, उसके प्रभाव, चुनौतियाँ पर प्रकाश डाला गया और कृषि उद्यमियों सफलता की कहानियाँ साझा की। सफल कृषि उद्यमियों, किसानों और नोडल प्रशिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों ने एसी और एबीसी योजना के साथ अपने अनुभव और यात्रा को साझा किया।

इस अवसर पर, सुश्री अलकनंदा दयाल, संयुक्त सचिव (विस्तार), कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने एसी और एबीसी योजना के तहत 75000 उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने के लिए मैनेज को बधाई दी। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रशिक्षित कृषि उद्यमियों को मिशन ऑन ऑयल पाम, कृषि अवसंरचना कोष, जैविक खेती जैसी योजनाओं और भारत सरकार के नए कार्यक्रमों के विभिन्न घटकों द्वारा प्रदान किए गए अपार अवसरों का अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए उन्मुख होना चाहिए। उन्होंने यह भी महसूस किया कि किसानों को बेहतर विस्तार और विपणन सेवाएं प्रदान करने के लिए जिला स्तर पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसियों (एटीएमए) के साथ कृषि उद्यमियों की साझेदारी को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

मुख्य अतिथि श्री. संजय अग्रवाल, आईएएस, कृषि सचिव, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने खुशी व्यक्त की कि जब हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं, उस समय देश में एसीएबीसी योजना के माध्यम से 75000 ग्रामीण बेरोजगार उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देना उल्लेखनीय है। उन्होंने 75,000 उम्मीदवारों को प्रशिक्षित करने और उन्हें कृषि उद्यमियों में बदलने के प्रयासों के लिए मैनेज और नोडल प्रशिक्षण केंद्रों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि हमें स्थापित कृषि उद्यमियों को सरकार की नई कृषि योजनाओं से लाभ उठाने और किसानों को अपनी सेवाएं प्रदान करने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। किसानों की कृषि सेवाओं तक पहुँच में सुधार लाने के लिए एक मजबूत डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र के माध्यम से कृषि उद्यमियों और किसानों के बीच एक गतिशील इंटरफेस स्थापित करने पर ज़ोर दिया। सचिव ने यह भी बताया कि कृषि इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत कृषि उद्यमियों को फसल कटाई के बाद प्रबंधन पर परियोजनाएं शुरू करने, किसान उत्पादक संगठन स्थापित करने और कृषि स्टार्टअप शुरू करने के लिए सहायता प्रदान करने का प्रावधान है। उन्होंने यह उल्लेख किया कि भारत सरकार पोर्टल सेवाओं के माध्यम से 60 दिनों के भीतर कम ब्याज दरों से कृषि उद्यमियों की संस्थागत ऋण तक पहुंच को आसान कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषि उद्यमी किसानों को सशक्त बनाने और देश में कृषि विकास में योगदान देने में बड़ी भूमिका निभाएंगे।

भारत की सशस्त्र सेना दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी सेना है। इसमें थल सेना, नौसेना और वायु सेना में 1.4 मिलियन से अधिक सक्रिय सैनिक हैं। ऐसा अनुमान है कि प्रत्येक वर्ष लगभग 60,000 सशस्त्र सैनिक सेवानिवृत्त होते हैं। ये सैनिक अच्छी तरह से प्रशिक्षित, अनुशासित, प्रेरित, अनुभवी, सक्रिय, ऊर्जावान, व्यवस्थित होते हैं और कठिन तथा प्रतिकूल परिस्थितियों में कार्य करने में सक्षम होते हैं। हालांकि वे सेवानिवृत्त हो चुके होते हैं, लेकिन करियर की दूसरी पारी में कार्य करने की क्षमता होती है। उन्हें आजीविका के अवसरों की भी आवश्यकता होती है क्योंकि केवल पेंशन से उनके परिवारों की आवश्यकता पूरी नहीं की जा सकती। इसलिए व्यवसाय के लिए दूसरी पारी या अन्य अवसर सृजित करने की आवश्यकता होती है।

भूतपूर्व सैनिकों (ईएसएम) को कृषि की ओर आकर्षित करना

पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) विभिन्न संगठनों के सहयोग से रोजगार संगोष्ठियों/नौकरी मेलों और कौशल विकास प्रशिक्षण का आयोजन कर पुनर्वास की दिशा में प्रयास कर रहा है और ईएसएम के लिए रोजगार के अवसर पैदा कर रहा है। डीजीआर द्वारा रोजगार के अवसर सृजित करने के वर्तमान प्रयासों के अलावा, उपयुक्त प्रशिक्षण और अन्य क्षमता निर्माण कार्यक्रमों के माध्यम से उन्हें कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में शामिल करने की व्यापक गुंजाइश है। तनेजा वी. द्वारा 2016 में किए गए फील्ड अध्ययन से पता चलता है कि 80.6 प्रतिशत ईएसएम सेवानिवृत्ति के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और उनमें से अधिकांश अपने घरों के निकट ही काम करना पसंद करते हैं। उन्हें कृषि और संबद्ध क्षेत्र से संबंधित व्यवसायों पर आसानी से प्रशिक्षित होने का अतिरिक्त लाभ मिलता है। चूंकि आधुनिक कृषि में अवसरों और नवाचारों के व्यापक अवसर हैं, इसलिए गौण कृषि से उन्हें दूसरे व्यवसाय के रूप में आजीविका का अवसर मिलेगा और कृषि विकास में भी योगदान होगा।

इसके अलावा, कृषि क्षेत्र में काफी निवेश की आवश्यकता है क्योंकि इस समय खेती प्रौद्योगिकी शामिल है। सेवानिवृत्ति के समय, ईएसएम के पास निवेश के लिए पर्याप्त बचत होगी और निवेश के लिए बेहतर रास्ते तलाशेंगे। आत्मानिर्भर कृषि और आत्मानिर्भर भारत की हालिया पहल से सूक्ष्म उद्यमों के क्षेत्र में कई अवसर पैदा हुए हैं (प्रत्येक वर्ष 2 लाख उद्यमियों को प्रशिक्षित किए जाने की संभावना है)। वर्तमान पारिस्थितिकी तंत्र, कृषि में सक्षम नीतियां और कार्यक्रम ईएसएम के लिए कृषि के क्षेत्र में अपने कौशल, अनुभव और ऊर्जा का निवेश करने के लिए अधिक अनुकूल हैं। हालांकि, उन्हें अपनी जानकारी और कौशल को बढ़ाने के लिए पर्याप्त और व्यवस्थित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण के साथ-साथ संभावित कृषि संबंधी

गतिविधियों में उद्यम करने के लिए पर्याप्त सहायता प्रदान करने की आवश्यकता है।

जय जवान किसान कार्यक्रम का उद्देश्य

कृषि और संबद्ध क्षेत्र से संबंधित कार्यकलापों के विकास के लिए पूर्व सैनिकों के कौशल सेट को बढ़ाने के लिए सेवानिवृत्ति के बाद उनके करियर की दूसरी पारी में स्वरोजगार बनाने, आजीविका के अवसरों को बढ़ाने और कृषि क्षेत्र को और अधिक जीवंत बनाने के लिए है।

उद्देश्य

- कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के विशेष क्षेत्र में अतिरिक्त आय पैदा करने उनकी जानकारी और कौशल में सुधार लाने के लिए कृषि में भूतपूर्व सैनिकों को प्रशिक्षित करना।
- कृषि में आजीविका के अवसरों का पता लगाने और द्वितीयक कृषि पर ध्यान केंद्रित करने में उनकी सहायता करना।

क्रियाविधि

ईएसएम का अतिरिक्त आय पैदा करने वाली कृषि संबंधी गतिविधियों में उद्यम करने के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करने के लिए कार्यक्रम तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा।

चरण I - बुनियादी कृषि पर उन्मुखीकरण

आवासीय कार्यक्रम के रूप में 15 दिनों की अवधि के लिए बुनियादी कृषि पर प्रशिक्षण नोडल प्रशिक्षण संस्थानों (एनटीआई) के माध्यम से दिया जाएगा।

प्रशिक्षण में मिट्टी, पानी, मौसम, कीट, रोग, खरपतवार, मशीनीकरण, विपणन, भंडारण, मूल्य संवर्धन, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन आदि सहित फसल कटाई के बाद की गतिविधियों पर बुनियादी जानकारी शामिल है। इसके अलावा, संभावित कृषि- उपक्रम भी प्रदान किए जाएंगे। एनटीआई जो कृषि क्लीनिक और कृषि व्यवसाय केंद्र (एसीएबीसी) योजना, इनपुट डीलरों के लिए कृषि विस्तार सेवाओं में डिप्लोमा (डीएईएसआई), एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन पर सर्टिफिकेट कोर्स (सीसीआईएनएम) और ग्रामीण युवाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण (एसटीवाई) का संचालन कर रहे हैं, उन्हें इस कार्यक्रम के उम्मीदवारों को प्रशिक्षण देने के लिए लगाया जाएगा। हालांकि, कृषि विश्वविद्यालयों, कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), किसान प्रशिक्षण केंद्रों (एफटीसी) को वरीयता दी जाएगी क्योंकि इन संस्थानों में पर्याप्त प्रशिक्षण सुविधाएं और उपयुक्त जनशक्ति है। समेति एक राज्य स्तरीय नोडल कार्यान्वयन एजेंसी होगी। इसके बैच में 25 ईएसएम शामिल हो सकते हैं।

चरण II - कृषि उद्यम पर अनुभवात्मक प्रशिक्षण

ईएसएम जिन्होंने बुनियादी कृषि में प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, वे अपने क्षेत्र में क्षमता के आधार पर अपनी विशेषज्ञता यानी कृषि उद्यम का चयन करेंगे। इसके अलावा, उन्हें विशेष आईसीएआर संस्थान, कृषि विश्वविद्यालय, निजी संगठन आदि की सहायता से 15 दिनों की अवधि के लिए उनकी पसंद के कृषि उद्यम पर प्रशिक्षित किया जाएगा। विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, उन्हें अपनी पसंद के अपने चुने हुए कृषि उद्यम को स्थापित करने के लिए अपनी तकनीकी-प्रबंधकीय योग्यता और आत्मविश्वास का निर्माण करने के लिए गहन व्यावहारिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें पूरी जानकारी दी जाएगी।

चरण III - कृषि उद्यमों की स्थापना का परामर्श

मैनेज या चरण- II का संबंधित विशेष संगठन तकनीकी सहायता, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने, ऋण सहायता की सुविधा, योजनाओं और कार्यक्रमों के साथ अभिसरण, संबंधित हितधारकों के साथ नेटवर्किंग आदि के संदर्भ में तकनीकी बैकस्टॉपिंग, सलाह और आवश्यक हैंडहोल्डिंग देगा। कृषि उद्यम की सफल स्थापना की सुविधा के लिए छह महीने।

प्रचार और पहुंच

ईएसएम का ब्यौरा महानिदेशालय पुनर्वास (डीजीआर) से प्राप्त किया जाएगा। ई-प्लेटफॉर्म मैनेज द्वारा बनाया जाएगा और इच्छुक ईएसएम ई-प्लेटफॉर्म में पंजीकरण कर सकते हैं। राष्ट्रीय स्तर पर मैनेज पंजीकृत ईएसएम और चिह्नित किए गए एनटीआई के साथ उनकी पहुंच और एनटीआई से निकटता के आधार पर समन्वय करेगा और तीनों चरणों से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन करेगा और ईएसएम की सफल स्थापना के लिए सलाह देगा

मैनेज कृषि ज्ञानदीप नॉलेज लेक्चर सीरीस -5

"कृषि विकास में अवसर और चुनौतियां - मेरे अनुभव"

डॉ शोभना के. पटनायक, आई.ए.एस. (सेवानिवृत्त)

डॉ. शोभना के पटनायक, आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व सचिव, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने 7 अगस्त 2021 को "कृषि विकास में अवसर और चुनौतियां - मेरे अनुभव" विषय पर मैनेज कृषि ज्ञानदीप ज्ञान व्याख्यान श्रृंखला-5 में अपना व्याख्यान दिया।

अपने व्याख्यान में, उन्होंने मुख्य रूप से खाद्यान्न और दालों के उत्पादन को बढ़ावा देकर भारत को पोषण सुरक्षित बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने खेती में उपयोग की जाने वाली तकनीकों और तंत्रों पर प्रकाश डाला है जैसे बीज उपचार, बरसाती कृषि, फसल की किस्मों का चयन या पुनः परिपक्वता और महत्वपूर्ण सिंचाई जहां फल लगते हैं आदि। उन्होंने यह भी दिखाया कि भारत खाद्य उत्पादन में अधिशेष कैसे बन सकता है। इस सपने को साकार करने के लिए हमें कटाई के बाद की तकनीक और विस्तार विपणन क्षेत्र पर ध्यान देना होगा। पूरे वीडियो के लिए हमारे मैनेज यूट्यूब चैनल पर जाएं: https://www.youtube.com/watch? v=YN_8cmrcबीएसडब्ल्यू

मैनेज कृषि ज्ञानदीप नॉलेज लेक्चर सीरीस - 6

डॉ. डब्ल्यू. आर. रेड्डी, आईएएस (सेवानिवृत्त) द्वारा

"कृषि और ग्रामीण विकास का सम्मिश्रण: मेरे जीवन के अनुभव"



डॉ. डब्ल्यू.आर. रेड्डी, आईएएस (सेवानिवृत्त) पूर्व महानिदेशक, एन आई आर डी पी आर ने 31 अगस्त, 2021 को "कृषि और ग्रामीण विकास का सम्मिश्रण: मेरे जीवन के अनुभव" विषय पर मैनेज कृषि ज्ञानदीप नॉलेज लेक्चर सीरीस-6 में अपना व्याख्यान दिया ।

अपने व्याख्यान में उन्होंने ग्रामीण विकास के मुद्दों के आयाम, कृषि परिदृश्य और भागीदारी, पंचायत राज व्यवस्था में दृष्टिकोण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने वर्तमान क्षेत्र की स्थितियों, चुनौतियों और ग्रामीण क्षेत्रों में आने वाले मुद्दों पर बात की। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों की आय बढ़ाने के तरीकों का भी सुझाव दिया। पूरे वीडियो के लिए हमारे मैनेज यूट्यूब चैनल पर जाएं: https://www.youtube.com/watch?v=VGu7vt_L1_A

"आजादी का अमृत महोत्सव" – 75वां स्वतंत्रता दिवस

मैनेज ने मनाया 75वां स्वतंत्रता दिवस

मैनेज ने 15 अगस्त 2021 को "आज़ादी का अमृत महोत्सव" के विशेष अवसर पर प्रगतिशील भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष और इसके लोगों, संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के उपलक्ष्य में 75 वां स्वतंत्रता दिवस मनाया।

डॉ.पी. चंद्र शेखर, महानिदेशक, मैनेज ने राष्ट्रीय तिरंगा झंडा फहराया और मैनेज के संकाय, कर्मचारियों और छात्रों को संबोधित किया। इस विशेष अवसर पर, मैनेज ने उन कर्मचारियों को सम्मानित किया जिन्होंने मैनेज में महीने के सर्वश्रेष्ठ एनटीआई (नोडल प्रशिक्षण संस्थान) और एग्री-क्लिनिक और एग्री-बिजनेस सेंटर (एसीएबीसी) योजना के तहत महीने के सर्वश्रेष्ठ सलाहकार में सेवा के 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं।

मैनेज प्रकाशन

मैनेज ने निम्नलिखित प्रकाशन जारी किए:

- भारत में जैविक खेती के माध्यम से किसान उत्पादक कंपनियों के नेतृत्व वाली सतत कृषि: डॉ.अभिलाक्ष लिखी द्वारा मुद्दे और आगे का रास्ता
- डॉ.बी.यू.दुप्रे, डॉ. सविता कोल्हे और डॉ. एन. बालासुब्रमणि द्वारा सोयाबीन उत्पादकता बढ़ाने के लिए जलवायु स्मार्ट प्रौद्योगिकी और अभ्यास
- ग्लोबल वार्मिंग के संदर्भ में जलवायु स्मार्ट डेयरी डॉ.एम.के. नारायणन, डॉ. शाहजी फण्ड, डॉ. वी.बीना, डॉ. एस. हरिकुमार और डॉ. अजीज जरीना
- भेड़ ऊन और मटन: डॉ अरविंद सोनी, डॉ शाहजी फंड, और डॉ अरुण तोमर द्वारा उत्पादन और मूल्य संवर्धन
- डॉ.के.सी.गुम्मगोलमठ, डॉ.एस.बी.राम्या लक्ष्मी और श्री.च.बाला स्वामी द्वारा कोविड-19 से मुकाबला - "कृषि क्षेत्र के लिए रणनीतियां"।
- अंगूर और कोविड-19 का मूल्य श्रृंखला प्रबंधन - डॉ.के. निर्मल रवि कुमार, डॉ.के.सी.गुम्मगोलमथ और डॉ.सुरेश चंद्र बाबू द्वारा भारत की प्रतिक्रियाओं पर एक झलक।
- महाराष्ट्र में किसान उत्पादक कंपनियों (एफपीसी) का प्रभाव आकलन - डॉ.के.सी.गुम्मगोलमथ, डॉ.एस.बी.राम्या लक्ष्मी और श्री कृष्णा कुलकर्णी द्वारा एक केस स्टडी।
- डॉ.के. निर्मल रवि कुमार और डॉ.के.सी.गुम्मगोलमथ द्वारा तेलंगाना के विशेष संदर्भ में भारत में प्रमुख कृषि जिंसों की घरेलू और निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता

अधिक प्रकाशनों के लिए, हमारी साइट देखें: https://www.manage.gov.in/publications/eBooks/eBooks.asp

कृषि विस्तार प्रबंधन जर्नल में योगदान करें

जर्नल ऑफ एग्रीकल्चरल एक्सटेंशन मैनेजमेंट, मैनेज से एक अर्धवार्षिक प्रकाशन का उद्देश्य विस्तार प्रणालियों और प्रथाओं, विस्तार पर अनुसंधान, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में नवाचारों और कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से संबंधित अन्य सामाजिक आर्थिक मुद्दों से संबंधित जानकारी का प्रसार करना है। मैनेज नए विकास, अवधारणाओं और प्रभावी विस्तार कार्य में उनके अनुप्रयोग पर लेखों का स्वागत करता है। लेखक अपने लेख कार्यकारी संपादक, कृषि विस्तार प्रबंधन पत्रिका, राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज), राजेंद्रनगर, हैदराबाद को प्रस्तुत कर सकते हैं। लेख jaem@manage.gov.in पर ईमेल द्वारा भी भेजे जा सकते हैं।
to : jaem@manage.gov.in



मैनेज बुलेटिन का प्रकाशक :
डॉ. पी.चंद्रा शेखरा, महानिदेशक
राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंध संस्थान (मैनेज)
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक स्वायत्त संगठन
राजेंद्रनगर, हैदराबाद -500 030, दूरभाष: 040-24594509,
फैक्स: 040-24015388

मुख्य संपादक :
डॉ. पी. चंद्रा शेखरा
संपादक
डॉ. श्रीनिवासाचार्युलु
एसोसिएट एडिटर
डॉ. के. श्रीवल्ली